हर ग्यारस खाटू जाना

हर ग्यारस खाटू जाणा चले ना कोई बहाणा ,
सुणो थम सारा रे,
खाटू वाले का धाम है, बड़ा निराला रे

ग्यारस ने खज़ाना बाटे, यो सबका संकट काटे,
चाहे कितनी भीड़ हो भारी, यो मिलणे ते ना नाटे,
एक एक ने गले लगावे , बड़ा दिल वाला रे

जो पैदल चल की आवे, और झंडा आन चढ़ावे,
उसने तो खाटू वाला, भाई दौड़ की गले लगावे,
तेरी बंद पड़ी किस्मत का , खोल दे ताला रे,

जिसने भी कदम बढ़ाया, वो फेर नहीं रुक पाया,
हर ग्यारस भरे हाज़री, वो भरे लिफाफे लाया,
इस शाम नाम की तू भी , फेर ले माला रे

बस एक बात चित धर लो, खाटू की राह पकड़ लो,
ललित कहे भाई जाके, बाबा क़े चरण पकड़ लो,
थारी करदे मन की पूरी , यो खाटू वाला रे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19823/title/har-gyaras-khatu-jana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |